मोदी सरकार ने दी सेवा, सुशासन और सुरक्षा को प्राथमिकता : सुमित्रा वाल्मीकि

मोदी सरकार के 11 वर्ष की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी, प्रोफेशनल मीट और पत्रकार वार्ता का आयोजन

मंडला, देशबन्धु। केंद्र में नरेंद्र मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंडला में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया।

इस अवसर पर पत्रकार वार्ता, 11 वर्ष की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी और प्रोफेशनल मीट आयोजित किए गए, जिसमें मोदी सरकार की उपलब्धियों को जनता के समक्ष प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा वाल्मीकि उपस्थित रहीं। प्रोफेशनल मीट के दौरान अहमदाबाद विमान दुर्घटना की खबर आने पर कार्यक्रम को बीच में ही समाप्त कर दिया गया। इस दुर्घटना में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी सहित यात्रियों, क्रू मेंबर और डॉक्टरों के निधन पर संवेदना प्रकट करते हुए मौन श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

विकसित भारत के लिए समर्पित मोदी सरकार इसके पूर्व भाजपा कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा हुई। इसके

बाद नगर पालिका परिसर में मोदी सरकार की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। शाम को टाउन हॉल में प्रोफेशनल मीट हुई, जिसमें राज्यसभा सांसद सुमित्रा वाल्मीकि, जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम और जयदत्त झा वक्ता के तौर पर उपस्थित रहे। उन्होंने ष्विकसित भारत के लिए समर्पित मोदी सरकारष् की थीम पर चर्चा करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने सेवा, सुशासन और सुरक्षा को प्राथमिकता दी है। ऑपरेशन सिंदूर, गंगा और वंदे भारत मिशन जैसे प्रयासों ने वैश्विक स्तर पर भारत की ताकत दिखाई। रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी तकनीकों जैसे एस-400, ब्रह्मोस और तेजस के साथ भारत आत्मनिर्भर बन रहा है, और रक्षा निर्यात 34 गुना बढ़कर 23,622 करोड़ रुपये तक पहुंचा है।

सरकार की योजनाओं ने आमजन के जीवन को बेहतर बनाया

आर्थिक क्षेत्र में भारत विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर है। यूपीआई लेनदेन 24 लाख करोड़ रुपये और इंटरनेट उपयोगकर्ता 97 करोड़ तक पहुंचे हैं। डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर से 44 लाख करोड़ रुपये सीधे लाभार्थियों तक पहुंचे, जिससे भ्रष्टाचार कम हुआ। नक्सल प्रभावित जिले घटकर गिनती के रह गए हैं, और चंद्रयान-3 की सफलता ने भारत को अंतरिक्ष में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। महिला सशक्तिकरण, इंफ्रास्ट्रक्चर, कृषि, और पर्यावरण संरक्षण में भी सरकार ने उल्लेखनीय कार्य किए। आयुष्मान भारत योजना, उड़ान योजना और स्वच्छ भारत अभियान ने आम जनता के जीवन को बेहतर बनाया। इन उपलब्धियों को प्रदर्शनी और प्रोफेशनल मीट में विस्तार से दर्शाया गया।

ये रहे उपस्थित

प्रोफेशनल मीट के दौरान मंच संचालन उर्वशी राय ने किया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, नगर मंडल अध्यक्ष रानू राजपूत, रोचिराम गुरवानी, जयदत्त झा, नरेश चंद्रोल, डॉ विजय आनंद मरावी सहित नगर के गणमान्य नागरिक जिसमें इंजीनियर, डॉक्टर, पतंजलि समिति सदस्य, गायत्री परिवार, धर्मगुरु, उद्यमी, विभिन्न समाजों के प्रमुख, मेडिकल एसोसिएशन, चार्टर्ड अकाउंटेंट, समाजसेवी, पूर्व सैनिक, पर्यावरणविद, मातृशक्ति एवं अन्य उपस्थित रहे।

सार-समाचार

धांधली का अड्डा बने आयुर्वेदिक औषालय

मंडला। मध्य प्रदेश के मंडला जिले में आयुर्वेदिक अस्पतालों पर लोग संदेह जता रहे हैं लोगों का मानना है कि इन अस्पतालों में उपचार के लिए लोग कम जाते हैं फिर शासन से मिलने वाली दवाइयां कहां गायब हो रही है यह जांच का विषय हो जाने के बाद भी शासन प्रशासन द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है ग्राम डीठौरी तहसील नैनपुर जिला मंडला मध्य प्रदेश में संचालित आयुर्वेदिक अस्पताल का निरीक्षण नहीं किया जा रहा है लोग चाह रहे हैं कि यहां पर प्रति माह आकस्मिक जांच पड़ताल की जाए यहां पर मरीज कम आते हैं और दवाइयां कहां गायब हो रही है इसकी जांच जरूरी हो गई है तत्काल सभी आयुर्वेदिक अस्पतालों की जांच पड़ताल मंडला जिले में की जाए ऐसी जन अपेक्षा है संपूर्ण मंडला जिले में आयुर्वेदिक अस्पतालों व औषधालय में धांधली होने की आशंका लोग जाता रहे हैं लोगों का मानना है कि जो दवाइयां या जो सुविधा शासन से आयुर्वेदिक ओषालयों व अस्पतालों को मिल रही है उन्हें कौन गायब कर रहा है क्योंकि मरीज कम संख्या में आयुर्वेदिक औषधालय या अस्पताल में उपचार कराने जा रहे हैं तो फिर शासन से मिलने वाली सुविधा कौन डकार रहा है संपूर्ण मंडला जिले में प्रत्येक आयुर्वेदिक ओषाधालय और अस्पतालों की जांच पड़ताल विशेष रूप से की जाए और इन अस्पतालों को, ओषालयों को जन उपयोगी बनाया जाए

जनसुनवाई में आए 318 आवेदन

दमोह, देशबन्धु। मंगलवार को जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर अविनाश रावत एवं डिप्टी कलेक्टर बृजेश सिंह ने कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 10 में जिले भर से आये नागरिकों की आज जनसुनवाई में समस्याएं सुनी। इस दौरान सामान्य जनसुवाई में 318 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये संबंधित अधिकारियों को समय.सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान 164 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही 18 आधार कार्ड संबंधी कार्य किये गए। इस दौरान लोकसेवा प्रबंधक चक्रेश पटेल सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। आयोजित जनसुनवाई में ग्राम इमलाई के मृतक के परिजन ने पीएम सुरक्षा बीमा की राशि दिलाने आवेदन प्रस्तुत किया। इसी प्रकार निवासी किल्लाई दमयंती नगर दमोह ने केवायसी करवाने सबंधी, हिनौता आजम के आवेदक ने नक्शा की फीडिंग ऑनलाईन करने तथा एक अन्य आवेदक ने स्लॉट बुकिंग की दिनांक बढ़ाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। इसी तरह अन्य आवेदकों ने अपनी बातोंए समस्याओं तथा इसी प्रकार कुछ सामूहिक आवेदन भी दिये गये। वहीं 25 पंचायतों में जनसुनवाई के क्रम में कुल 37 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें 23 निराकृत एवं 14 आवेदन लंबित हैं। इसमें सीतानगर, पतलौनी, कुम्हारी सहित चिन्हित 25 जनपद पंचायत स्तर पर जन सुनवाई की गई।

बाढ़ राहत एवं बचाव संबंधी तैयारी रखें दुरुस्त, पांच दिन में सौंपे रिपोर्ट : कलेक्टर

दमोह, देशबन्धु। राज्य शासन द्वारा बाढ़ राहत एवं बचाव संबंधी राज्य स्तरीय समिति की बैठक में दिये गये निर्देशों के तहत जिले में बाढ़ राहत एवं बचाव संबंधी तैयारियों को दृष्टिगत रखते हुये जिला कलेक्टर ने विभिन्न विभागों को विभागीय उत्तरदायित्वों के अनुसार कार्य करने हेतु निर्देशित करते हुये कहा है कि समस्त संबंधित अधिकारी अपने विभागीय उत्तरदायित्वों का पालन करते हुये पांच दिवस के भीतर अद्यतन स्थिति की रिपोर्ट कार्यालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित किया जाए। जारी आदेश में कहा गया है गृह विभाग के उत्तरदायी अधिकारी पुलिस अधीक्षक, समस्त अनुविभागीय दण्डाधिकारी, जिला सैनानी होमगार्ड, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सेना से समन्वय, बाढ़ बचाव उपकरणों की तैयारी, प्रशिक्षित तैराकों की सूची, नियंत्रण कक्ष से समन्वय, रेस्क्यू उपकरणों की उपलब्धता, जलभराव क्षेत्रों में यातायात नियंत्रण एवं रूट डायवर्जन की योजना तैयार करें, संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात करें, भीड़ नियंत्रण व राहत वितरण स्थलों पर व्यवस्था बनाए रखें, आपात स्थिति हेतु विशेष पेट्रोलिंग दल सक्रिय करें तथा रेस्क्यू उपकरणों नाव, लाइफ जैकेट, रस्सी आदि के साथ स्टैंडबाय स्थिति में रहना सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा आवश्यक प्रशिक्षण के साथ टीमों की तैनाती की जाये एवं फंसे हुए लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जायेगा। जारी आदेशानुसार राजस्व विभाग के उत्तरदायी अधिकारी समस्त अनुविभागीय दण्डाधिकारी, समस्त तहसीलदार, अधीक्षक भू अभिलेख, जिले के समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद सभी तहसीलों में चेकलिस्ट अनुसार तैयारियां, क्षति का त्वरित आंकलन एवं राहत वितरण सुनिश्चित करना, बाढ़ संवेदनशील क्षेत्रों की अद्यतन सूची तैयार करना, तहसील व ग्राम स्तर पर आपदा उत्तरदायी दल का गठन, राहत शिविरों की पहचान व आवश्यक व्यवस्थाएं करना सुनिश्चित करेंगे।

डिप्लोमाधारी शिक्षकों के दस्तावेजों की जांच नहीं

आरटीआई कार्यकर्ता चेतराम राजपूत ने किया था मामला उजागर, अब वे उच्च न्यायालय जाने की तैयारी में

डिंडोरी, देशबन्धु। में शिक्षकों के फर्जी दस्तावेज मामले नया मोड़ आया है। बुधवार को आरटीआई से प्राप्त जानकारी के अनुसार, जनजातीय कार्य विभाग ने कोर्ट के आदेश के 9 महीने बाद भी डिप्लोमाधारी शिक्षकों के दस्तावेजों की जांच नहीं कराई है।

मामला अप्रैल 2018 का है, जब समनापुर पुलिस ने फर्जी डिप्लोमा से संविलयन का लाभ लेने के आरोप में 5 शिक्षकों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इनमें अजमेर दास सोनवानी, आरती मोगरे, संतू सिंह, मुकेश द्विवेदी और देवेंद्र उर्फ दीपक शामिल थे।

दो शिक्षकों समेत कंप्यूटर ऑपरेटर दोषी पाए गए

प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश ने 19 सितंबर 2024 को सुनवाई में तीन शिक्षकों को दोषी पाया। शिक्षक अजमेर दास सोनवानी, मुकेश द्विवेदी और कंप्यूटर ऑपरेटर दीपक को एक-एक महीने की जेल और 5-5 हजार रुपए जुर्माना लगाया गया था।

वहीं आरती मोगरे और संतू सिंह को दस्तावेजों के अभाव में दोषमुक्त कर दिया गया था। आरती मोगरे फिलहाल माध्यमिक शाला हल्दी करेली में पदस्थ हैं। वहीं संतू

सिंह समनापुर ब्लॉक में पदस्थ हैं।

आरटीआई कार्यकर्ता चेतराम राजपूत ने इस मामले को उजागर किया है। वे इस मुद्दे को लेकर उच्च न्यायालय जाने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विभाग इस बात का परीक्षण करवाए कि इन अभियुक्तों की डीएड की अंकसूची फर्जी या कूट रचित तो नहीं है। और इन अंकसूचियों के आधार पर शिक्षकों ने पदोन्नत का लाभ लिया है।

तीन शिक्षकों की अंकसूची में सेम नंबर

दो आरोपी शिक्षक मुकेश कुमार द्विवेदी ,अजमेर दास सोनवानी और शिक्षक आरती मोगरे की जारी डीएडकी मार्कशीट में सेम नंबर अंकित है। फाइनल परीक्षा में तीनों का योग 700 में से 519 नंबर का है।

आरटीआई से यह भी खुलासा हुआ कि जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान सिविल लाइन जबलपुर में प्राचार्य शांति शर्मा 11 जुलाई 1996 से 30 जून 1998 तक पदस्थ रही है। जबकि अजमेर दास सोनवानी ने वर्ष 2008 में डीएड किया और मार्कशीट में शांति शर्मा की सील साइन है। उस समय कंचन लता जैन प्राचार्य थीं।

सहायक आयुक्त बोले- जानकारी देंगे वहीं जनजातीय कार्य विभाग सहायक आयुक्त संतोष शुक्ला का कहना है कि जल्दी ही पूरे मामले की जानकारी दी जाएगी।

नवागत सीएमएचओ डॉ. डी.जे. मोहन्ती ने पदभार संभाला

मण्डला। 10 जून 2025 को नवागत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डी.जे. मोहन्ती ने पदभार संभाला। डॉ. मोहन्ती ने सभी विभागीय चिकित्सकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के निर्धारित समय पर उपस्थित रहकर कार्य करने एवं राष्ट्रीय कार्यक्रमों में शत-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ समस्त आमजन को सुलभता से प्राप्त हो सके यह भी विभाग के प्रत्येक अधिकारी कर्मचारी का लक्ष्य होना चाहिए। समस्त चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टॉफ आने वाले मरीजों के साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार करें एवं उनको चिकित्सकीय सुविधाएं प्रदान करें। समस्त विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी एवं समस्त अधिकारी, कर्मचारी सीएम हेल्पलाईन पर विशेष ध्यान देते हुए शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण कराना सुनिश्चित करें।

पदभार ग्रहण करने के साथ ही डॉ. मोहन्ती द्वारा जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया गया। उन्होंने जिला चिकित्सालय के ओपीडी एरिया की व्यवस्था, सिकिलसेल एनीमिया की जांच, राष्ट्रीय कार्यक्रमों/अभियानों की समय पर रिपोर्टिंग तथा एमएलसी रिपोर्ट ऑनलाईन करने के संबंध में संबंधितों को निर्देशित किया।

तीन थाना प्रभारी समेत 28 पुलिसकर्मियों के तबादले

दमोह,देशबन्धु। दमोह एसपी श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने जिले के पुलिस अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं। इस फेरबदल में 3 थाना प्रभारी, 1 चौकी प्रभारी, 2 एएसआई, 6 प्रधान आरक्षक और 16 आरक्षक शामिल हैं।

एसपी ने जारी की सूची

जिले के प्रभारी मंत्री इंदर सिंह परमार के अनुमोदन के बाद यह आदेश जारी किया गया। थाना प्रभारी तारादेही राजीव पुरोहित को चौकी सिंग्रामपुर भेजा गया है। नोहटा थाना प्रभारी अरविंद सिंह ठाकुर को थाना तेजगढ़ और तेजगढ़ थाना प्रभारी अभिषेक पटेल को थाना नोहटा में तैनात किया गया है। चौकी प्रभारी सिंग्रामपुर आलोक त्रिपुडे को तारादेही थाना का प्रभारी बनाया गया है।

एएसआई राधे प्रसाद को थाना मडियादो से थाना रजपुरा और एएसआई संतोष तिवारी को कोतवाली से रक्षित केंद्र में पदस्थ किया गया है।

प्रधान आरक्षकों में भानु उपाध्याय को मडियादो से दमोह देहात, महेश यादव को यातायात से कोतवाली, सूर्यकांत पांडे को कोतवाली से रक्षित केंद्र भेजा गया है। प्रमोद चौबे को कोतवाली से पटेरा, अजय पटेल को दमोह देहात से तेजगढ़ और सूरज सिंह लोधी को नोहटा से रक्षित केंद्र में तैनात किया गया है।

इसके अलावा 16 आरक्षकों को भी जिले के विभिन्न थानों और चौकियों में नई तैनाती दी गई है। इनमें संकेत कुमार तिवारी, प्रियंका दुबे, प्रताप सिंह ठाकुर, कपिल तिवारी, बृजेंद्र मिश्रा, विशाल सैनी, इंद्रजीत ठाकुर, नागेंद्र सिंह ठाकुर, दीपक गौड़, नरेंद्र पटेरिया, आकाश पाठक, जितेंद्र पटेल, यशवंत सिंह और कमलेश पटेल शामिल हैं।

कांग्रेस संगठन को मजबूत करने बैठकों का दौर जारी : गुरुदयाल

डिंडोरी, देशबन्धु। बुधवार दोपहर 12 बजे कांग्रेस पार्टी के नियुक्त पर्यवेक्षक और छत्तीसगढ़ के पूर्व विधायक गुरुदयाल सिंह बंजारे ने रेस्ट हाउस में प्रेस कांफ्रेंस की।

उन्होंने बताया कि पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए जिले के

कांग्रेस की पत्रकार वार्ता : निजी स्वार्थ के लिए भाजपा में गए कार्यकर्ता, जांच के लिए बनाएंगे राजनीतिक हस्तक्षेप समिति

कार्यकर्ताओं से लगातार बैठक की जा रही है। साथ ही कांग्रेस जिला अध्यक्ष के चयन को लेकर भी कार्यकर्ताओं की राय ली जा रही है।बंजारे ने कहा कि 9 जून से अब तक मेंहदवानी और शहपुरा ब्लॉक में कार्यकर्ताओं और व्यापारियों के साथ बैठकें हो चुकी हैं। इनमें सभी की बात सुनी गई है।

उन्होंने स्वीकार किया कि कुछ जगहों पर कार्यकर्ता कम संख्या में आए, लेकिन पार्टी की गाइडलाइन है कि हर स्तर के कार्यकर्ता की राय जरूरी है।

उन्होंने यह भी कहा कि 2023 के विधानसभा चुनाव में शाहपुरा सीट कांग्रेस पांच हजार वोटों से हारी थी, उसकी भी समीक्षा की जा रही है।बंजारे ने बताया कि वे 18 जून तक जिले के ब्लॉकों में जाकर कार्यकर्ताओं से चर्चा करेंगे और 20 जून को भोपाल में होने वाली समीक्षा बैठक में सभी सुझाव रखेंगे। उन्होंने कहा कि जिला अध्यक्ष चुनने के लिए पार्टी ने कुछ मानदंड तय किए हैं- जैसे उम्मीदवार कम से कम छह साल से सक्रिय सदस्य हो, निष्ठावान और पार्टी के लिए समय देने योग्य हो।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में बंजारे ने यह भी कहा कि कुछ कार्यकर्ता निजी स्वार्थ या अवसरवादी कारणों से भाजपा में चले गए हैं। ऐसे मामलों की जांच और निर्णय के लिए अब जिला स्तर पर एक 'राजनीतिक हस्तक्षेप समिति' बनाई जाएगी। इस दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष अशोक पड़वार, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष राम जी संतोषी साहू और ब्लॉक अध्यक्ष जावेद इकबाल भी मौजूद रहे।

राशि कहॉ गई पता नहीं, एक रोड अधूरी दूसरी बनी ही नहीं

वन समिति में गड़बड़ झाला जिम्मेदारों पर लग रहे आरोप, घुरघुटी व घोरेघाट का मामला, शिकायत वापस लेने का दवाब

मण्डला, देशबन्धु। इन दिनों लगातार वन विभाग की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में है, कहीं अवैध वृक्ष कटाई का मामला सामने रहता है तो कहीं मजदूरों के भुगतान में लापरवाही उजागर होती है तो कहीं निर्माण कार्यों पर सवाल उठते हैं। वन विभाग का एक ताजा मामला प्रकाश में आया है पूर्व सामान्यं वनमण्डंल के मोतीनाला परिक्षेत्र के अधीनस्थं घुघरी ब्लॉक का वनग्राम घुरघुटी एवं घोरेघाट यहॉ वन समिति गठित है लेकिन वर्षों से समिति सदस्यों को अध्यक्ष एवं विभाग द्वारा आय-व्यय का हिसाब नहीं बताया गया है जिसकी शिकायत सदस्यों व वनग्राम के पीडित लोगों द्वारा कलेक्टर से करते हुए बताया गया कि ग्राम घुरघुटी में जंगल की ओर जाने के लिए एक किमी दूरी की ग्रेवल रोड का निर्माण होना था किन्तु, यह रोड केवल 150 मीटर तक ही बनायी गई है। इसी तरह स्कूलटोला से खेरमाई होते हुए पटपरटोला तालाब तक 700 मी. की रोड का प्रस्ताव किया गया था लेकिन इस रोड का कार्य आज तक शुरू ही नहीं हुआ। ग्रामीणों का आरोप है कि उक्त् दोनों रोड के लिए 31 लाख रूपये स्वीकृत हुए थे लेकिन राशि कहॉ गई पता ही नहीं है। वन विभाग के बीटगार्ड तारेन्द्र राय पर आरोप लगाये गए है कि वन समिति घुरघुटी अध्यक्ष भगत सिंह धुर्वे एवं वन समिति घोरेघाट अध्यक्ष बुधसिंह सैयाम की मिलीभगत से परिक्षेत्र अधिकारी अभय पाण्डे के संरक्षण में मनमानी की जा रही है। शिकायत पत्र पर उल्लेख किया गया है कि वन समिति सदस्यों से दो माह पूर्व सौ-सौ रूपये वसूला गया है और कहा गया था कि शासन की योजना अनुसार प्रत्येक सदस्य के खाते में पॉच हजार रूपये डाले जायेंगे लेकिन यह राशि आज तक नहीं मिली। इसी तरह वनग्राम में शासन द्वारा मिलने वाले अन्य लाभ जैसे समतलीकरण, खेत तालाब, सीसी रोड आदि का लाभ भी नहीं दिया जा रहा है। और अब दिनांक 11 जून को बीट गार्ड द्वारा गांव में पहुंचकर शिकायत वापस लेने का दवाब बनाया गया किन्तु पीडितों द्वारा मॉग की गई है कि उक्त मामले की शीघ्र निष्पक्ष जॉच करते हुए दोषियों के विरूध्द दण्डात्मक कार्यवाही की जाये।

कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर

भवन नामांतरण/ हस्तांतरण हेतु सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजीव कालोनी मण्डला में भूखण्ड क्रमांक -284 श्री धीरेन्द्र नागेश पति श्री सीता राम नागेश के नाम आवंटित है। आवंटी श्री धीरेन्द्र नागेश पति श्री सीता राम नागेश की मृत्यु दिनांक 13.01.2007 को हो गई है। आवंटी की पत्नि श्रीमति जीमवती नागेश ने नामिनेशन आधार पर उक्त संपत्ति का नामांतरण स्वयं के नाम करने हेतु आवेदन संलग्न दस्तावेजों एवं शपथ पत्र के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत किये हैं उसके आधार पर संपत्ति के नामांतरण की कार्यवाही इस कार्यालय में प्रचलन में है यदि किसी व्यक्ति / संस्था को उक्त भवन/भूखण्ड के हस्तांतरण/नामांतरण बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित एवं वैद्य आपत्ति सप्रमाण स्वयं उपस्थित होकर अथवा पंजीकृत डाक से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि में किसी भी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नही होने पर राजीव कालोनी मण्डला में भूखण्ड क्रमांक-284 श्रीमति जीमवती नागेश पिता स्व. श्री धीरेन्द्र नागेश के नाम हस्तांतरण / नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी एवं भविष्य में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति / दावा मान्य नहीं होगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर

रनं. 771